# नौकरी के नाम पर प्रधान आरक्षक ने की ठगी

## झांसा देकर 3 लाख रुपए ऐंठे

**पन्ना ब्यूरो**

**पन्ना, 22 जुलाई. पन्ना जिले के सलेहा थाना में पूर्व में पदस्थ प्रधान आरक्षक अनिल सिंह बागरी पर एक युवक को नौकरी लगवाने का झांसा देकर 3 लाख 16 हजार 700 रुपए की ठगी करने का आरोप लगा है.**

फरियादी युवक प्रशांत खरे पिता हजारी लाल खरे उम्र 35 वर्ष निवासी कठवरिया की रिपोर्ट पर सलेहा थाना में आरोपी प्रधान आरक्षक के विरूद्ध बीएनएस की धारा 318 के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस द्वारा इसकी जांच की जा रही है. मामले को लेकर फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी प्रधान आरक्षक द्वारा थाना सलेहा में प्राइवेट तौर पर वेतनभोगी की नौकरी लगवाने का प्रलोभन देकर उसके साथ ठगी की गई है. फरियादी द्वारा ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारियां के स्क्रीन शॉट सहित अन्य जानकारियां भी पुलिस को सौंपी गई हैं.

> नौकरी दिलाने के लिए उससे 1 जुलाई 2024 को 76 हजार रूपए, 3 जुलाई को 24 हजार रूपए नगद मेरे घर कठवरिया में बागरी द्वारा लिए गए थे और इसके बाद अनिल बागरी के कहने पर मैंने अपनी पत्नी दिव्या श्रीवास्तव के खाते से दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को 1600 रूपए, 26 अक्टूबर 2024 को 1400 रूपए, दिनांक 30 अक्टूबर 2024 को 1200 रूपए, दिनांक 05 दिसम्बर 2024 को 13 हजार रूपए चारों ट्रान्जेक्शन अनिल सिंह बागरी के फोन-पे एकाउंट नंबर में तथा 18 अक्टूबर 2024 को 5 हजार रूपए प्रहलाद लोधी के फोन-पे नंबर पर 27 अक्टूबर 2024 को अमित लिव्कायर सलेहा टू एफएलसीएल के फोन-पे की आईडी 01 से 20 हजार रूपए एवं ट्रान्जेक्शन आईडी 49 से 05 हजार रूपए एवं 22 दिसम्बर 2024 को अनुज कुमार बागरी के फोन-पे पर 13 हजार 300 रूपए, 10 हजार रूपए एवं 9 जुलाई 2024 को सुशीला तिवारी के फोन-पे नंबर पर 10 हजार रूपए, 2 हजार रूपए ट्रांसफर किए गए है. इसके साथ ही अनिल बागरी के कहने पर अपनी पत्नी के खाते से 09 दिसम्बर 2024 को 12 हजार रूपए, दिनांक 10 दिसम्बर 2024 को 18 हजार रूपए, दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को 5 हजार रूपए, दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को 15 हजार रूपए, दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को 13 हजार रूपए, 10 हजार रूपए, 27 दिसम्बर को 25 हजार रूपए ट्रांसफर किए गए. जो सातों ट्रान्जेक्शन किस खाते में ट्रांसफर हुए यह मेरे फोन-पे नंबर से ज्ञात नही हो रहा है. इसके साथ मैंने अपने स्टेट बैंक के खाता से दिनांक 08 जुलाई 2024 को वीरेन्द्र राव जेटी के फोन ट्रान्जेक्शन आईडी से 03 हजार रूपए दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को 2500 रूपए, दिनांक 01 नवम्बर 2024 को 10 हजार रूपए, दिनांक 01 जनवरी 2025 को 10 हजार रूपए, दिनांक 01 अप्रैल 2025 को 01 हजार रूपए श्री बागरी के कहने पर ट्रांसफर किए गए. किस खाता क्रमांक में ट्रांसफर हुए है यह मुझे ज्ञात नहीं है.

# फर्जी प्रोफाइल के जालसाज गिरफ्तार

## पुलिस को बड़ी सफलता, आरोपी अजमेर राजस्थान का निवासी

**मंदसौर, 22 जुलाई. थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने मेट्रीमोनियल वेबसाइट जीवनसाथी डॉट कॉम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर शादी का झांसा देकर 2.66 लाख की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है.**

आरोपी रमणिक लाल वर्मा (34), निवासी अजमेर राजस्थान, को चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार किया गया है. आरोपी ने जनवरी से जून 2025 के बीच फरियादी से कई बार अलग-अलग बहानों से रुपये ऐंठे थे. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी की माता उषा वर्मा और जीजा कमलेश सोनी भी इस ठगी में शामिल हैं, जो




फिलहाल फरार हैं. आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में 15 से 20 लड़कियों से ठगी की बात कबूली है. पुलिस ने आरोपी के पास से 3 मोबाइल फोन (कीमत 1.5 लाख) और 1 लैपटॉप (कीमत 65 हजार) बरामद किया है. जप्त माल का कुल मूल्य-2.15 लाख. पुलिस टीम में शामिल निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उनि कुलदीप सिंह राठौर, साइबर सेल के आशीष बैरागी, मनीष बघेल, नरेंद्र, भानुप्रताप एवं शैलेंद्र की भूमिका सराहनीय रही.

### एक नजर में

#### थाना प्रभारी भदौरिया लाइन अटैच

**दतिया.** गोंदन थाना प्रभारी अरविन्द सिंह भदौरिया और आरक्षक चालक रुपनारायण यादव को लाइन अटैच कर दिया गया है. अब उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा गोंदन थाना के नए थाना प्रभारी होंगे . मंगलवार सुबह एएसआई प्रमोद पावन की आत्महत्या की चौंकाने वाली घटना के बाद थाना प्रभारी और आरक्षक लाइन अटैच किए गए हैं. दतिया के एसपी सूरज कुमार वर्मा ने कार्यवाही करते हुए कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच की जा रही है.

#### नागपुर जा रहे चलते ट्रक में लगी आग

**पांढुरना.** भोपाल से एयर कंडीशन की मशीनों को लाद्‌कर नागपुर जा रहें एक चलते ट्रक में ग्राम हिवरा सेनाडवार के पास लगी आग ने देखते ही देखते रौध्र रूप धारण किया,इस अग्नि दुर्घटना में वाहन चालक का हाथ झूलस गया लेकिन गनीमत रहीं कि वह बाल-बाल बच गया, घटना स्थल पहुंचे दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया,लेकिन जब तक ट्रक तथा इसमें रखा सामान पूरी तरह जल गया. भोपाल के मंडीदीप से ट्रक क्रंमाक एम. एच.40 सीएम 2808 में एयर कंडिशन की मशीनों को लाद्‌कर यह ट्रक नागपुर जा रहा था, इसी दौरान जब यह ट्रक पांढुरना के हिवरा सेनाडवार के पास नागपुर भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गुजर रहा था,इसी दौरान इस चलते ट्रक में जोरदार धमाके के साथ देखते ही देखते आग लग गई.

#### भिंड में 32 घंटे बाद मिला छात्र का शव

**भिंड.** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय आशुतोष सिंह ने क्वारी नदी में छलांग लगा दी थी. 32 घंटे बाद एसडीआरएफ ने पुल से डेढ़ किमी दूर शव को बरामद कर लिया. कोचिंग जाने का कहकर घर से निकले आशुतोष ने अपना बैग और जूते पुल पर रखे थे और इसके बाद नदी में कूद गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक फूप कस्बे की तरफ से ई रिक्शा में बैठकर आया और क्वारी पुल पर उतर गया. उसने अपना बैग एवं जूते पुल पर ही रख दिए और देखते ही देखते उसने खतरे के निशान पर बह रही क्वारी नदी में छलांग लगा दी.

# अंतर्राज्यीय दोपहिया वाहन चोर गिरोह को पुलिस ने दबाचा

## चोरों से 15 बाइक और 10 लाख का मशरूका जब्त

**मंदसौर. थाना शामगढ़ पुलिस ने अंतरराज्यीय दोपहिया वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 15 चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त की हैं, जिनकी कुल कीमत 10 लाख आंकी गई है.**

गिरफ्तार आरोपियों में एलकार सिंह, राहुल सिंह (पुत्र गुमान सिंह) और राहुल सिंह उर्फ कालू (पुत्र तुफान सिंह) शामिल हैं, जो जिला झालावाड़ (राजस्थान) के निवासी हैं. इनके पास से 15 बाइक के साथ 10 लीटर जहरीली शराब भी जब्त की गई. चोरी की गई बाइकें शामगढ़, गरोठ, भानपुरा, सुवासरा, भेसोदा मंडी, आलोट, चोमहला,



भवानीमंडी व डग क्षेत्रों से लाई गई थीं. घटना का खुलासा 150 से अधिक ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे खंगालने, सायबर सेल की तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना से हुआ. अब तक चार वाहन शामगढ़ थाने में पंजीबद्ध, एक-एक वाहन गरोठ, डग व भवानीमंडी थानों के प्रकरण से जुड़े पाए गए हैं. शेष वाहनों की तस्दीक व अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. पुलिस टीम में निरीक्षक धर्मेन्द्र शिवहरे, उनि अविनाश सोनी, सउनि राजेश खांदल सहित आरक्षक धनपाल, इरफान, विशाल, मनीष, मोकम, सुल्तान आदि की सराहनीय भूमिका रही.

### करोड़ों की जमीन की सुनवाई से स्टे हटा

**ग्वालियर.** गंगादास की शाला पर 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है. मप्र शासन ने वर्ष 2010 में वाद पेश किया. इसमें शासन (माफी) की जमीन के बेचने पर रोक लगाने, पूर्व में संपादित हुए विक्रय पत्र शून्य घोषित करने सहित विभिन्न मांग की गई. इसके खिलाफ ट्रस्ट मंदिर रामजानकी गंगादास की बड़ी शाला ने एक आवेदन दिया. जिसे सिविल न्यायालय ने 25 अप्रैल 2011 को खारिज कर दिया. इसके खिलाफ ट्रस्ट ने हाई कोर्ट में सिविल रिवीजन पेश की. 7 मई 2011 को हाई कोर्ट ने सिविल न्यायालय में चल रहे वाद की सुनवाई पर रोक लगा दी. 14 साल स्टे के बाद जब केस की सुनवाई हुई, तो ट्रस्ट की ओर से सिविल रिवीजन वापस लेने की बात कही गई.

# गर्भगृह में जाने की अनुमति गोलू शुक्ला व उनके बेटे को नहीं दी

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. श्रावण के दूसरे सोमवार को रात 2.30 बजे हुई भस्मारती में गर्भगृह में घूसे इंदौर के भाजपा विधायक गोलू शुक्ला और उनके बेटे रुद्राक्ष के मामले में मंगलवार को मंदिर समिति के उप प्रशासक एसएन सोनी ने कहा कि विधायक गोलू व उनके बेटे रुद्राक्ष शुक्ला किसी को भी गर्भगृह में जाने की अनुमति नहीं थी.**

मामले ने तूल पकड़ा तो कलेक्टर ने तीन सदस्यीय समिति बनाकर 7 दिन में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। गर्भगृह में आम प्रवेश बंद है इसके बावजूद गोलू शुक्ला व उनका बेटा अंदर गया व पूजा भी की। यहां तक की मंदिर समिति कर्मचारी ने उन्हें रोका भी लेकिन वे उसे भी धमकी देकर अंदर घुसे. मीडिया ने जब विधायक शुक्ला से पूछा तो उन्होंने कहा था कि गर्भगृह में जाने की पांच लोगों को अनुमति मिली थी। जबकि मंगलवार को मंदिर समिति के अधिकारी ने इससे इनकार किया। श्रावण में महाकाल की पहली सवारी में नई चांदी की पालकी निकली थी। लेकिन वह 200 किलो तक वजनी होने के कारण दूसरी सवारी में फिर से पुरानी पालकी का ही उपयोग किया गया.

### बलात्कार के आरोपी को आजीवन कारावास

**झाबुआ.** बलात्कार के मामले में आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई. घटना के विवरण में बताया गया कि 16 मार्च 2021 को फरियादी, पीड़िता के माता-पिता कोर्ट पेशी झाबुआ गये थे, करीबन 5 बजे शाम को वापस घर आये तो पीड़िता घर पर नहीं मिली. फिर उन्होंने पीड़िता की तलाश रिश्तेदारी व आसपास की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला. उन्हें शंका हुई की उसकी नाबालिग लड़की पीड़िता 17 वर्ष को रोहित पिता केतरूस बबेरिया निवासी-राणापुर का बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया होगा. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना झाबुआ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

# छात्रावास में बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**20 बच्चे बीमार, 8 अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर**

**इंदौर, 22 जुलाई. महू आदिवासी छात्रावास में अचानक बच्चों के तबियत बिगड़ गई. करीब 20 बच्चें बीमार हो गए है, जिसमें 8 को सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है. बच्चों की डॉक्टर सतत निगरानी कर रहे हैं. खास बात यह है कि कलेक्टर ने तीन पहले ही छात्रावासों की जांच और निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे.**

मंगलवार को महू के आदिवासी छात्रावास के 20 से ज्यादा बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई. बताया जा रहा है कि भोजन और पानी में गड़बड़ के कारण बच्चों की तबियत बिगड़ी है. मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर आशीष सिंह ने एसडीएम को मौके पर भेजा. एसडीएम राकेश परमार ने तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचकर सभी बच्चों से बातचीत कर इलाज की जानकारी ली. उन्होंने अस्पताल में डॉक्टर से बात कर बच्चों के तुरंत इलाज और दवाइयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए.एसडीएम परमार ने बताया कि कुल 20 बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली थी. बच्चों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद 12 बच्चों की स्थिति सामान्य होने पर उन्हें वापस छात्रावास में भेज दिया है. शेष 8 अभी अस्पताल में भर्ती हैं और डॉक्टरों की निगरानी में है. उनकी हालत स्थिर है. बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर छात्रावास की जांच की करवाई जारी है.

# चोरी की बिजली से बना रहे थे खाना

## विद्युत विभाग की दर्जन भर घरों में कार्रवाई, मौके पर हीटर जब्त

**नवभारत, न्यूज**

**दमोह, 22 जुलाई. विद्युत विभाग द्वारा दमोह दक्षिण संभाग अंतर्गत आने वाले ग्रामीण वितरण केंद्र के ग्रामों में बिजली चोरी रोकने सघन चेकिंग अभिंयान चलाया गया.**

कार्यपालन अभियंता एमएल साहू के निर्देशन में कनिष्ठ अभियंता सरिता रावत के नेतृत्व में टीम तैयार कर ग्रामीण वितरण केन्द्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हथिनी, भूरि, जोरतला, बड़याउ आदि क्षेत्रों में छापामार कार्यवाही की गई. इस दौरान अनेक घरों में अवैध रूप से बिजली की चोरी कर हीटर के द्वारा खाना पकाया जा रहा था. विभाग की टीम द्वारा मौके से एक दर्जन से अधिक घरों में चोरी की बिजली से चलने वाले हीटरों को जप्त करते हुए पंचनामा बनाकर प्रकरण तैयार किया गया. इस दौरान कई उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों से हीटरों को हटाने में लग गये. यादव ने बताया गया कि इन सभी ग्रामों से अनावश्यक लोड बढ़ने, केबिल जलने , ट्रांसफार्मर खराब होने तथा डीओ गिरने आदि की शिकायतों में एकाएक वृद्धि होने से कार्यपालन अभियंता के निर्देशन में विशेष टीम तैयार कर इन ग्रामों में चैकिंग कराई गई.

हकीकत जानने के लिये जब मौके पर जाकर मुआयना किया गया तो बिजली चोरी सामने आई.जिन घरों में बिजली चोरी पाई गई, वहां विधुत चोरी की धारा 135 के तहत प्रकरण बनाकर जप्ती की कार्यवाही की गई. इस प्रकार की चैकिंग कार्यवाही सतत् जारी रहेगी.

> चेकिंग के दौरान पाया गया की घरों में असुरक्षित तरीक़े से हीटर और नंगे वायर लगाकर लोग चंद पैसे बचाने के लिए जान जोखिम में डाल रहे हैं .आए दिन घरेलु असुरक्षित वायरिंग से घातक बिजली की दुर्घटनाएं सामने आ रही है. जहां पर दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में कनिष्ठ अभियंता कुमारी सरिता रावत ने लोगों को समझाइश भी दी गई.

### खंडहरनुमा मकान से 6 लाख रुपए की शराब

**रतलाम.** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिले ग्राम में एक खंडहरनुमा मकान में लाखों की शराब जब्त की हैं. मामले में दो सगे भाई को गिरफ्तार किया है वहीं तीन आरोपी फरार हैं. पुलिस ने नामली थाना क्षेत्र के रिंगनिया गांव में खंडहरनुमा मकान पर दबिश तो 6 लाख रुपए से अधिक की शराब की पेटियां मिली, जिनमें देशी प्लेन शराब 132 पेटी, देशी मसाला शराब 10 पेटी, अंग्रेजी शराब मेक डावेल्स 3 पेटी, अंग्रेजी शराब ब्लेण्डर प्राईड 1 पेटी, एवं बीयर पॉवर (10,000) 06 पेटी थी. कुल 152 पेटी अवैध शराब जब्त की गई जो 1386 बल्क लीटर है. थाना नामली के निरीक्षक पतिराम डावरे के नेतृत्व में टीम गठित की गई.

# कार्यक्रम अधिकारी रंगे हाथ गिरफ्तार

## पशु शेड स्वीकृति के एवज में मांगी थी रिश्वत, लोकायुक्त ने पकड़ा

**इंदौर 22 जुलाई. लोकायुक्त संगठन द्वारा भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के क्रम में मंगलवार को इंदौर लोकायुक्त इकाई ने जनपद पंचायत पाटी, जिला बड़वानी में पदस्थ अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को 5000 की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया. आरोपी मंगल सिंह डाबर को यह रकम पशु शेड निर्माण की स्वीकृति दिलाने के एवज में हितग्राही से मांगते हुए पकड़ा.**



महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख द्वारा प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत यह ट्रैप कार्रवाई की गई. ग्राम देवगढ़, तहसील पाटी जिला बड़वानी निवासी सिरपिया डाबर पिता नान सिंह डाबर ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय को शिकायत की थी कि उसने हितग्राही मूलक योजना के तहत पशु शेड निर्माण हेतु आवेदन दिया था. आवेदन ग्राम पंचायत से जनपद पंचायत पाटी भेजा गया, जहां पदस्थ अधिकारी मंगल सिंह डाबर ने कार्य स्वीकृति के बदले 5000 की रिश्वत की मांग की. जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया.

**कार्रवाई में शामिल ट्रैप दल**

इस सफल ट्रैप कार्रवाई का नेतृत्व कार्यवाहक निरीक्षक प्रतिभा तोमर ने किया. उनके साथ आरक्षक विजय कुमार, सतीश यादव, आदित्य सिंह भदौरिया, चंद्र मोहन सिंह बिष्ट, मनीष माथुर और पवन पटोरिया शामिल थे. लोकायुक्त संगठन ने साफ संकेत दिया है कि जनहित की योजनाओं में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी.

### एक हजार की रिश्वत लेते ग्राम सचिव गिरफ्तार

**रीवा.** लोकायुक्त पुलिस रीवा ने ग्राम पंचायत सचिव को एक हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है. अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में 15 सौ रूपये की रिश्वत मांगी गई थी. आरोपी सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. शहडोल जिले के गोहपारू जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गोहपारू सचिव द्वारा शिकायतकर्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में 15 सौ रूपये की रिश्वत मांगी गई थी. शिकायतकर्ता धीरेन्द्र कुमार सिंह निवासी ग्राम टेटकी द्वारा दुकान में विद्युत मीटर लगाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग ग्राम पंचायत सचिव से की थी.

# जिला प्रबंधक ने किया लाखों का गबन

**घोटालेबाजों के खिलाफ केस दर्ज कराने की उठी मांग**

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 जुलाई.** ग्रामीण निर्धन एवं बेसहारा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्तिकरण बनाने के केन्द्र व राज्य सरकार के प्रयासों और करोड़ों रूपये के बजट पर जिले के जिला पंचायत और ग्रामीण आजीविका मिशन के जिम्मेदारो द्वारा बजट में डाका डाला जा रहा है जिससे जिम्मेदार लोग म.प्र. डे ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्यों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं. ग्रामीण महिलाओं ने सीईओ से भ्रष्टाचार व राशि में बंदरबाट करने वाले के खिलाफ आर्थिक अनियमितता का आपराधिक मामला दर्ज कराये जाने एवं निष्पक्ष जाँच की मांग की है. जानकारी के अनुसार म.प्र. डे ग्रामीण आजीविका मिशन का जिला प्रबंधक व चितरंगी का प्रभारी नोडल, ब्लॉक प्रबंधक के खिलाफ चितरंगी की विभिन्न समूहों की सदस्यों द्वारा गत दिनों मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल को लिखित शिकायत करते हुए बताया गया है कि जिला प्रबंधक मंगलेश्वर सिंह व चितरंगी ब्लाक में संसार सिंह लम्बे अर्से से पदस्थ सहायक ब्लॉक प्रबन्धक म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में पदस्थ हैं जिनके द्वारा मॉ सावित्री बाई सीएलएफ नैकहवा में करोड़ो रूपये का घोटाला किय गया है और ग्राम संगठनों को दी जाने वाली राशि को भी दूसरो के खाते में डलवाकर हड़पी जा रही है. नोडल अधिकारी संजीव सिंह पटेल और सहायक प्रबंधक संसार सिंह द्वारा विभिन्न ग्राम संगठनों और दीदियों के मानदेय में भी हेराफेरी कर डकार लीं गयी है.

**भूसा घर में सड़ रही कोदो कुटकी मशीन :** महिला समूहों की दीदियों और ग्राम संगठनों ने दावा किया है कि नोडल अधिकारी संजीव सिंह पटेल और सहायक प्रबंधक संसार सिंह की दबंगई से कोदो कुटकी की मशीन भूसा घर में सड़ रही है। बरगवां में कोदो कुटकी की मशीन क्रय करने के नाम से 17 लाख का घोटाला किया है जबकि मशीन लगाने पर्याप्त बजट भी आया था। इस राशि के सम्बन्ध में जब महिलायों व दीदियों के द्वारा कुछ पूछा जाता है तो संसार सिंह के द्वारा गाली-गलौज कर डाट के भगा दिया जाता है.

**ट्रांसपोर्ट** | रतलाम मंडल से मणिपुर के खोंगसांग स्टेशन के लिए बुकिंग

# पहली बार फर्टिलाइजर रेक की लोडिंग

**रतलाम, 22 जुलाई. पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल माल ढुलाई के क्षेत्र में नए अवसरों की खोज और राजस्व वृद्धि के लिए लगातार प्रयास कर रहा है. इसी दिशा में मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट द्वारा स्थानीय व्यापारियों और व्यवसायियों से निरंतर संवाद स्थापित किया जा रहा है. इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम स्वरूप मंडल ने फर्टिलाइजर लोडिंग के लिए एक नया डेस्टिनेशन जोड़ा है.**



रतलाम मंडल के किसी भी गुड्स शेड से मणिपुर के लिए यह पहली लोडिंग है. सनावद गुड्स शेड से मणिपुर के खोंगसांग स्टेशन के लिए 21 बीसीएन वैगनों में कुल 1344 टन फर्टिलाइजर की लोडिंग की गई है, जिससे रेलवे को लगभग 40 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ. यह रेक करीब 2535 किलोमीटर की दूरी तय कर खोंगसांग स्टेशन तक पहुंचेगा. पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (ह.स्न.क्र) ने राज्य के सामने आने वाले परिवहन संकट में सहायता के लिए आवश्यक वस्तुओं की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए मणिपुर में खोंगसांग स्टेशन खोला था. 2022 में जिरीबाम-इम्फाल नई लाइन परियोजना के तहत शुरू किया गया.

> खोंगसांग स्टेशन जुलाई 2023 में माल यातायात के लिए चालू किया गया. मणिपुर के लिए की गई यह पहली लोडिंग रेलवे के राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ व्यापारिक संपर्कों के विस्तार में भी सहायक होगी. पूर्वोत्तर के राज्य के साथ माल परिवहन के नए रास्ते खुलने से मणिपुर जैसे महत्वपूर्ण राज्य में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी. साथ ही यह पहल रेलवे अधोसंरचना के और अधिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगी.

### आरक्षकों की अभिरक्षा से भागा आरोपी

**भानपुरा.** थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में पकड़ाए आरोपीयो को मेडिकल कराने गए दो आरक्षक रामचंद्र मंडोतिया और दिनेश मेघवाल की अभिरक्षा से चकमा देकर एक आरोपी भाग गया.

जानकारी अनुसार आरोपी राम सिंह पिता करण सिंह गुर्जर उम्र 21 वर्ष एवं राकेश पिता कैलाश चंद्र धोबी उम्र 20 वर्ष जिनको भानपुरा शासकीय चिकित्सालय में मेडिकल कराने के लिए ले गए थे. मेडिकल कराने के दौरान अंदर ले जाते समय आरक्षकों की अभिरक्षा से राम सिंह पिता करण सिंह गुर्जर निवासी 21 वर्ष पुलिस को चकमा देकर भाग गया जो की लगातार स्टाफ की एक घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ाया.

# शिवपुरी नपा में बिना काम के 28 लाख का भुगतान

**शिवपुरी. नगर पालिका में करोड़ों रुपए के फर्जी भुगतान का मामला सामने आया है. नगर पालिका के वार्डों में मुरम, जीरो डस्ट और कत्तल डालने के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया जबकि पार्षदों का कहना है कि जमीनी स्तर पर कोई कार्य हुआ ही नहीं. नगर पालिका के पार्षदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को विस्तृत शिकायत सौंपते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है.**

शिकायत में बताया गया कि ठेकेदार द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 5, 7, 17, 28, 31, 36 और 39 में मुरम और जीरो डस्ट डालने का दावा कर लगभग 28 लाख रुपए का भुगतान ले लिया गया. इनमें से वार्ड 7 में 13.78 लाख रुपए, वार्ड 17 में 4.45 लाख रुपए, वार्ड 5 और 36 में 5 लाख रुपए, वार्ड 31 में 2.5 लाख रुपए और वार्ड 39 में 2.45 लाख रुपए का भुगतान दर्शाया गया है. पार्षदों का आरोप है कि इन क्षेत्रों में कोई कार्य नहीं हुआ, फिर भी बिना भौतिक सत्यापन के भुगतान जारी कर दिए गए. आपत्ति जताने के बाद कुछ स्थानों पर जल्दबाजी में काम शुरू किया गया, लेकिन सीएमओ ने खुद को इस मामले से अनभिज्ञ बताया.